तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 24 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 करतला रेंज के पीड़िया में दंतैल हाथी का डेरा, वन विभाग अलर्ट मोड पर



## खबर संक्षेप

### धर्मांतरण के विरोध में आज छत्तीसगढ़ बंद

**कोरबा।** धर्मांतरण के विरोध में सर्व समाज द्वारा 24 दिसंबर को छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया है। पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स ने भी सर्व समाज को समर्थन दिया है। जिले में भी जिला चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज सर्व समाज को समर्थन देता है। सभी व्यापारी बंधु से निवेदन है कि धर्मांतरण के विरोध में सर्व समाज को समर्थन देते हुए अपने प्रतिष्ठान को बंद रखकर सर्व समाज को संबल प्रदान करें। सर्व समाज ने बस्तर में हुई घटना की निंदा करते हुए उसके विरोध में छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया है। जिसमें समाज विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने वाले एक वर्ग विशेष का विरोध करते हुए सर्व समाज के लोगों से समर्थन मांगा गया है।

### सिरली में डांस प्रतियोगिता का आयोजन आज

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत सिरली स्कूलपारा मैदान में 24 दिसंबर की शाम 7 बजे से डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्व.धीरज पटेल की स्मृति एवं उनके जन्मदिवस के विशेष अवसर पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के युवा कलाकार अपनी नृत्य प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम को लेकर ग्राम सिरली सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य एवं युगल नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी। आयोजकों द्वारा विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार एवं शील्ड की व्यवस्था की गई है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल होंगे। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल, जनपद सदस्य गंगोत्री चंद्रपाल पटेल, सरपंच सुनिता रघुराज सिंह उइके सहित अनेक जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे।

### नेशनल वूशु चैंपियनशिप आयोजन आज से

**कोरबा।** नेशनल वूशु चैंपियनशिप जिला वूशु संघ के सचिव सियाराम बंजारे ने बताया कि नेशनल वुशू चैम्पियन शंकर सिटी इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव में 24 से 30 दिसम्बर तक होने जा रहा जिसमें भारत के 28 राज्य से सभी वर्ग के सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, आर्मी, से महिला एवं पुरुष, इंडियन रेलवे से महिला एवं पुरुष, इंडियन पुलिस महिला एवं पुरुष, वर्ग से भाग लेंगे लग भग 4 हजार वूशु खिलाड़ियों भाग ले रहे हैं। जिले से 1 सब जूनियर में 1, दर्शन गोगई 2, प्रणव सिंह 3, ओम नारायण सिंह 4, अरनव 5, रुद्र पटेल 6, जूनियर मै, आयुष आदिले, शिवांश सोनी, नरेंद्र कश्यप, कुमारी सृष्टि कुर्रे, कुमारी सकछी महिलाएंगे, सीनियर में रोहित दास, आदित्य सिंह, साथ में महिला कोच, कुमारी संध्या रात्रे, पुरुष कोच अजीत शर्मा है शामिल हैं।

### प्रतीक बने सीएसपी तो विजय सिंह एसडीओपी नियुक्त

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन के गृह (पुलिस) विभाग मंत्रालय के द्वारा राज्य पुलिस सेवा के 95 अधिकारियों का तबादला किया गया है। इनमें 35 अधिकारी एडिशनल एसपी व उप सेनानी रैंक के हैं जबकि 60 अधिकारी डीएसपी रैंक के शामिल हैं। व्यापक तबादला से कोरबा जिला भी प्रभावित हुआ है। जारी सूची के मुताबिक कोरबा सीएसपी भूषण एक्का का तबादला एसडीओपी बेमेतरा के पद पर किया गया है। एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर का तबादला डीएसपी पीटीएस राजनांदगांव किया गया है। जिला मुख्यालय में पदस्थ डीएसपी प्रतिभा मरकाम को नई पदस्थापना पर डीएसपी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट बस्तर पदस्थ किया गया है। जारी सूची के मुताबिक कोरबा सीएसपी के पद पर प्रतीक चतुर्वेदी ( डीएसपी अजाक/क्राइम, कबीरधाम) को पदस्थापना मिली है, वहीं विजय सिंह राजपूत (डीएसपी सुरक्षा, जशपुर) कटघोरा के नए एसडीओपी होंगे।

# कोयला खदानों में 67 प्रतिशत हादसों के पीछे एसओपी और माइंस रुल का उल्लंघन

## स्टैंडिंग कमेटी ऑन सेफ्टी इन कोल माइंस की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

स्टैंडिंग कमेटी ऑन सेफ्टी इन कोल माइंस की 50वीं बैठक का आयोजन नई दिल्ली में हुआ। इसकी अध्यक्षता कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने की। बैठक के दौरान पॉवर प्रजेंटेशन के माध्यम से खदान दुर्घटनाओं के आंकड़े और विवरण प्रस्तुत किया गया।

जानकारी के अनुसार कोयला खदानों में होने वाली 67 प्रतिशत दुर्घटनाओं कारण एसओपी, लापरवाही और माइंस रूल्स का उल्लंघन होता है। बैठक में ओसीपी एवं बंद खदानों की फेंसिंग किए जाने की बात कही गई। बैठक में अवैध खनन का मुद्दा भी जोरशोर से उठा। मीटिंग में पीट, एरिया लेबल को लेकर कहीं अधिक चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने ज़मीनी स्तर की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए अपने विचार और सुझाव साझा किए। मंत्री श्री रेड्डी ने बैठक के दौरान कहा कि जैसे- जैसे कोयला उत्पादन नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है, हमारे श्रमिकों की सुरक्षा और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कोयला मंत्रालय प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण, कल्याणकारी सुधारों और टीम वर्क के माध्यम से शून्य मृत्यु दर और शून्य क्षति के लक्ष्य को प्राप्त करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। बैठक में कोल सचिव विक्रम दत्त, सीआईएल के प्रभारी चेयरमैन सनोज कुमार झा, सभी अनुषंगी इकाइयों के सीएमडी, डीटी की उपस्थिति रही। यूनियन प्रतिनिधि के तौर पर मानस मुखर्जी, सीजे जोसेफ, सिद्धार्थ गौतम, रमेश बल्लेवार, संजय सिंह, डीएन सिंह, आरके शर्मा मौजूद रहे।

**खास बात**

- बैठक में ओसीपी एवं बंद खदानों की फेंसिंग का लिया गया निर्णय



## कटघोरा थाना क्षेत्र के केसलपुर के समीप सुबह 10 बजे हुई वारदात

# भाजपा नेता पर दिनदहाड़े कुल्हाड़ी से हमला कर उतारा मौत के घाट, कटघोरा में दुकानों के शटर रहे बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा/कटघोरा

कटघोरा निवासी भाजपा नेता, जनपद सदस्य और ठेकेदार अक्षय गर्ग की दिनदहाड़े नृशंस हत्या कर दी गई है। वारदात कटघोरा से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम केसलापुर में मंगलवार की सुबह है। अक्षय गर्ग यहां निर्माणाधीन सड़क निर्माण के अपने साइट पर निर्माण कार्य का मुआयना करने गया था। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने कार से निकलकर उस पर चाकू और टांगी जैसे धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गए हैं। फिलहाल पुलिस के आला अधिकारियों की टीम ने घटना स्थल पर कैंप किया हुआ है और पुलिस हत्यारों की धरपकड़ के लिए मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक स्वयं हत्यारों की गिरेबाह तक पहुंचने के लिए मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कटघोरा के कारखाना एरिया निवासी भाजपा नेता व जनपद सदस्य ठेकेदार अक्षय गर्ग 49 वर्ष पिता राधेश्याम गर्ग अपने इनोवा कार क्रमांक जेएच 05 बीके 2244 में सवार होकर मंगलवार की सुबह लगभग 8 बजे अपने घर से निकला था व पीएमजेएसवाय के निर्माणाधीन सड़क को देखने के लिए गया हुआ था। सुबह लगभग 10 बजे वह केसलपुर अपने कार्य स्थल पर पहुंचा था ही कि पीछे से एक दूसरी चार पहिया वाहन में सवार होकर चार हमलावर सभी युवक पहुंचे और उसमें से 2 युवकों ने कार से नीचे उतरकर सीधे अक्षय गर्ग पर धारदार हथियार व टंगिया से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और हमलावर मौके से भाग निकले। वारदात के होते ही घटना स्थल पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलते ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- चार पहिया वाहन में सवार होकर पहुंचे थे हमलावर
- मृतक अपने निर्माणाधीन सड़क का कार्य को देखने के लिए गया था केसलपुर
- आईजी, एसपी सहित अधिकारियों की टीम ने घटना स्थल का किया निरीक्षण



घटनास्थल का निरीक्षण करते पुलिस एवं इनसेट में मृतक अक्षय गर्ग।




### मजदूरों के सामने ही कर दिया हमला

बताया जाता है कि अक्षय गर्ग पर अज्ञात हमलावरों ने जब जानलेवा हमला किया, तब सड़क के निर्माण कार्य में लगे मजदूर मौके पर ही मौजूद थे। हमलावरों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ा कि उन्हें हत्या करते हुए मजदूर देख रहे हैं। हमलावरों ने बेहद बेखौफ तरीके से अक्षय पर ताबड़तोड़ हथियार से हमला कर मौत के घाट उतारा। हमलावरों से बचने का भी प्रयास किया, जिसमें उसकी हाथ के उंगली कटकर अलग हो गई थी। हमलावरों ने अक्षय के पूरे शरीर में दर्जनों बार ताबड़तोड़ हमला किया और अस्पताल पहुंचने के पहले ही बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

अक्षय गर्ग की पत्नी का नाम संगीता गर्ग है। अक्षय के दो बच्चे हैं जिसमें पुत्री नैना पुणे में बीसीए की पढ़ाई कर रही थी। घटना की सूचना मिलने पर उनकी पुत्री देर शाम को घर पहुंची है, जबकि उसका पुत्र आयुष्मान 8 साल का है। घटना के बाद दोनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। बताया जाता है कि बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे मालदा घाट में मृतक अक्षय का अंतिम संस्कार किया जाएगा। मृतक अक्षय का छोटा भाई अभय गर्ग भी उसके बिजनेस में सहयोग प्रदान करता था।

### व्यापारियों में आक्रोश

दिनदहाड़े हुए इस तरह की नृशंस हत्याकांड से कटघोरा क्षेत्र में व्यापारियों में खासा आक्रोश है। कटघोरा क्षेत्र के कारखाना मोहल्ला निवासी भारतीय जनता पार्टी के नेता अक्षय गर्ग जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के पूर्व उपाध्यक्ष थे। वर्तमान में भी वह जनपद क्रमांक 18 बिंझरा क्षेत्र के सदस्य हैं और ठेकेदारी का भी कार्य लंबे समय से करते आ रहे थे। इसके अलावा अक्षय गर्ग रेत, मुरूम का भी काम किया करते थे। इस हत्याकांड को पुरानी रंजिश और आपसी प्रतिस्पर्धा से जोड़कर देखा जा रहा है।

### कोयला कामगारों की भविष्य निधि के ब्याज दर में बढ़ोतरी का प्रस्ताव

**कोरबा।** केरल के कोच्चि में कोयला खान भविष्य निधि संगठन की 185वीं ट्रस्टी बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। सीएमपीएफओ ट्रस्टी बोर्ड की बैठक में कोयला कर्मियों की भविष्य निधि के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7.7 प्रतिशत ब्याज देने की सहमति बनी। इस आशय का प्रस्ताव ट्रस्टी बोर्ड द्वारा कोयला मंत्रालय को भेजा जाएगा। वर्ष 2024- 25 में 7.6 प्रतिशत की ब्याज राशि निर्धारित की गई थी। करीब डेढ़ घण्टे चली बैठक में प्रबंधन की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 की तरह 7.6 प्रतिशत ब्याज दर यथावत रखे जाने की बात की गई। पर एटक नेता रमेंद्र कुमार ने 7.8 प्रतिशत ब्याज दर देने की मांग उठाई। चर्चा के बाद अंत में 7.7 प्रतिशत ब्याज दर पर सहमति बनी। सी-डेक, एसबीआई द्वारा रिवाइज्ड पीपीओ को स्वीकार न करने आदि मुद्दों पर भी चर्चा की गई। सीएमपीएफओ के सभी रीजनल कार्यालयों का नवीनीकरण किए जाने का निर्णय लिया गया। इन्वेस्टमेंट सब कमेटी में बीएमएस के न्यासी सदस्य आशीष मूर्ति का समावेश किया गया। अब से इन्वेस्टमेंट सब कमेटी में श्रम संगठनों के दो प्रतिनिधि प्रतिनिधित्व करेंगे। बैठक में एचएमएस के राकेश कुमार, बीएमएस के केएल रेड्डी, आशीष मूर्ति उपस्थित थे। जबकि एटक के रमेंद्र कुमार और सीएमओएआई के डीएनए सिंह वर्चुअल तौर पर जुड़े।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला रायगढ़ के भूपदेवपुर निवासी वीरेंद्र कुमार मांझी उम्र 13 वर्ष पिता संजय कुमार मांझी अपने एक अन्य साथी सुरेश कुमार के साथ 22 दिसंबर को अपने मोटरसायकल क्रमांक सीजी 13 एडब्ल्यू 9078 में सवार होकर मेला देखने करतला आया हुआ था। जहां वापस लौटने के दौरान चिर्रा में रोड पर रात लगभग 9 बजे उसकी मोटरसाइकिल दूसरे मोटरसाइकिल से जा टकरायी। इस हादसे में वीरेंद्र कुमार मांझी और उसका साथी सुरेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, दोनों को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था, जहां इलाज के दौरान मंगलवार को वीरेंद्र कुमार मांझी की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इसी तरह दूसरी घटना करतला क्षेत्र में घटित हुई है। जानकारी के अनुसार शारदा विहार निवासी सक्षम चौहान पिता सतीश कुमार चौहान अपने तीन अन्य साथी ईश्वर, दुर्गेश सहित एक अन्य के साथ एक ही मोटरसाइकिल में चार लोग सवार होकर विगत दिनों घूमने के लिए करतला चितापाली जा रहे थे कि बीच रास्ते में उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई थी और चारों मोटरसाइकिल से गिर गए थे, जिसके बाद सक्षम चौहान, ईश्वर, दुर्गेश सहित एक अन्य को गंभीर चोट आई थी और उन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था, जहां इलाज के दौरान सोमवार को सक्षम चौहान की मौत हो गई। पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों से सुपूर्द कर कर दिया है।

# संयुक्त श्रमिक संगठन ने कुसमुण्डा जीएम कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुण्डा खदान मे कार्य कर रहे कामगारों को हो रही समस्याओं मोटर साईकिल प्रवेश, बायोमेट्रिक अटेंडेंस, डीजल चोरी पर डंपर ऑपरेटरों को चार्जशीट करना, सेफ्टी को पूर्णतः दरकिनार कर कार्य कराना, ओवर टाईम कार्य लेने उपरांत कटौती सहित अन्य 5 मांगों को लेकर संयुक्त श्रमिक संगठन एटक, एचएमएस एवं इंटक एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र के संयुक्त बैनर तले कुसमुण्डा महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्यद्वार पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया।

धरना प्रदर्शन में ट्रेड यूनियन नेताओं ने प्रबंधन के पूर्व किये वादों को पूरा नही किये जाने पर जमकर बरसा एवं चेतावनी दी की 5 बिंदुओं पर अगर जल्द मांग पूरी नही की गई तो आने वाले समय में ट्रेड यूनियन द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा। धरना प्रदर्शन में एचएमएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष मिलन पाण्डेय, आर.एस. पाल, संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक, कुसमुण्डा क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष बी.एल. महंत एचएमएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुरजीत सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री अशोक कुमार साहू, कोरबा क्षेत्र के अध्यक्ष सुरेन्द्र मिश्रा, एसईकेएमसी (इंटक) के क्षेत्रीय अध्यक्ष राजू लाल सोनी, ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- बायोमैट्रिक अटेंडेंस, डीजल चोरी, ओवरटाइम सहित अन्य मांगों को लेकर खोला मोर्चा



विरोध प्रदर्शन करते श्रमिक संगठन के पदाधिकारी एवं अन्य।

## रसोई का बजट से बाहर, थाली से कई सब्जी गायब

# टमाटर और प्याज की कीमत ने बाजार में लगाई आग, आसमान छू रहे दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सब्जियों के दाम में आसमान छू रही हैं। टमाटर 60 रुपये प्रति किलो तो प्याज ने 20 रुपए से उछाल मारते हुए 40 रुपए के दाम को छू लिया है। जिसका कारण बारिश के कारण फसलें खराब होने की बात कही जा रही है एकाएक टमाटर और प्याज की कीमत बढ़ाने पर थाली से कई सब्जी गायब नजर आ रही है वही रसोई का बजट भी पूरी तरह से बिगड़ गया है।

एक बार फिर सब्जी आम आदमी का बजट बिगाड़ रही है। प्याज, हरी मिर्च और टमाटर के दाम आसमान छूने लगे हैं। बाजारों में टमाटर 60 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। मटर, प्याज, शिमला मिर्च, हरी मिर्च, तुरई, लौकी, भिंडी, जैसी सब्जियों के दाम भी नई ऊंचाइयों पर हैं। बताया जा रहा है कि बारिश और की वजह से भारी मात्रा में फसल खराब होने से अचानक सब्जियों के दाम बढ़े हैं। सब्जियों की कीमतों में आए इस उछाल ने गृहिणियों को निराश कर दिया है। बढ़ती महंगाई के बीच रसोई का बजट बिगड़ गया है।

इस समय बाजार में टमाटर 50 से 60 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। आलू 20 से 25 रुपये प्रति किलो तक बेचा जा रहा है। वहीं, मटर, प्याज, शिमला मिर्च, हरी मिर्च सहित गर्मियों के दिनों की अन्य सब्जियों के दाम भी नई ऊंचाइयों पर हैं। सब्जियों की कीमतों में आए इस उछाल ने गृहिणियों को निराश कर दिया है। सब्जी विक्रेता ने बताया कि इस समय टमाटर की कीमत 60 रुपये प्रति किलो तक है। वहीं मंडी में 1200 से ऊपर प्रति कैरेट के हिसाब से बिक रहा है। हर साल ठंड में टमाटर की कीमत 5 से लेकर 10 रुपए के बीच होती थी लेकिन इस साल टमाटर की कीमत 40 रुपए प्रति किलो से नीचे नहीं हुआ महीनेभर पहले ही टमाटर 30 से 40 रुपये प्रति किलो बिक रहा था। दरअसल इस साल मानसून में बारिश ज्यादा दिन तक होने की वजह से फसल को नुकसान पहुंचाया है। हरी सब्जियां खेत में खराब हुई हैं, यही वजह है कि त्योहारों का सीजन शुरू होने के बाद से ही सब्जियों के दाम में उछाल आया है। इस समय टमाटर ही नहीं बल्कि अन्य सभी सब्जियों के दाम भी बढ़ गया गए हैं। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार भिंडी, पालक, हरी मिर्च, लौकी जैसी सब्जियों के दाम भी काफी बढ़ गए हैं।




# निजी अस्पताल भेजे जाने की शिकायत पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी के बजाय निजी अस्पताल पहुंचाने का चल रहा धंधा के संबंध में स्व श्री बिसाहू दास महंत स्मृति मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा गंभीरता से संज्ञान लिया गया है। इस संदर्भ में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. के. के. सहारे ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि समाचार में उल्लेखित मामले की प्रारंभिक जांच कराई गई, जिसमें किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता नहीं पाई गई।

डीन डॉ. सहारे ने कहा कि अस्पताल परिसर में मरीजों को निजी अस्पताल भेजने जैसी गतिविधियाँ पूर्णतः अस्वीकार्य हैं। इस प्रकार की संभावना को रोकने हेतु अस्पताल परिसर में किसी भी निजी एजेंसी या निजी एम्बुलेंस को खड़े होने की अनुमति नहीं देने संबंधी सख्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की संलिप्तता पाई जाती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहायक अस्पताल अधीक्षक एवं उप-अस्पताल अधीक्षक को लगातार मॉनिटरिंग करने तथा ऐसी किसी भी पुनरावृत्ति को रोकने के निर्देश दिए गए हैं। डीन ने यह भी कहा कि मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पताल में ⏭ शेष पेज 3 पर

**खबर संक्षेप**

### व्यापारी के साथ मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** दुकान के सामने गाली गलौज करने से मना करने पर तीन युवकों ने दुकानदार से मारपीट कर पंच व चाकू से हमला कर दिया, पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।
तोरवा पुलिस के अनुसार, ए वेंकट राव पिता स्व. जगन्नाथ राव लालखदान रेड डायमंड होटल के पास पशु आहार की दुकान चलाते हैं। 22 दिसंबर को दोपहर 2 बजे गोलू यादव, संजय यादव, लखन यादव उनकी दुकान के पास आए और गाली गलौज करने लगे। ए वेंकट राव ने दुकान के सामने गाली गलौज करने से मना किया तो तीनों युवक एकराय होकर जान से मारने की धमकी देते हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। गोलू यादव ने पंच व लखन यादव ने चाकू से सीने पर हमला कर दिया है। मारपीट के दौरान उनके गले से सोने का चेन लाकेट सहित कहीं गिर गई है। विवेक डे, अरूण चक्रवर्ती के द्वारा बीच बचाव करने पर हमलावर भाग गए। पुलिस ने दुकान संचालक की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### नाबालिग को भगाकर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग को भगाकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हिर्री टीआई रविशंकर तिवारी ने बताया, क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग लापता हो गई थी। जांच में पता चला हिर्री अर्टरा निवासी लखन कुमार निषाद पिता झूनीराम निषाद 20 साल बहला फुसलाकर उत्तर प्रदेश भगाकर ले गया है। पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश के महुआ कारखाना से लखन कुमार निषाद को पकड़कर नाबालिग को बरामद कर लिया है। पूछताछ में नाबालिग ने लखन कुमार के द्वारा शारीरिक संबंध बनाने की बात कही है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 137, 2, 87, 64, 2 ड के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे और एडीएम शिवकुमार बनर्जी ने भी लोगों की समस्याओं को सुना। जनदर्शन में आज रिस्दा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने सरपंच गौरव सिंह चंदेल के विरूद्ध ज्ञापन सौंपने हुए मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि वे ग्राम रिस्दा में लगभग 40 से 50 सालों से शासकीय भूमि पर मकान बनाकर निवासरत है। वर्तमान सरपंच उस भूमि पर तालाब निर्माण करवाना चाहते हैं। कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत मस्तूरी को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश है। सकरी तहसील के ग्राम पंचायत देवरीकला निवासी हरीशंकर साहू ने शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालक द्वारा किए जा रहे गड़बड़ी की शिकायत की। संचालक द्वारा हितग्राहियों को केवल शक्कर का वितरण किया गया एवं चावल अगले माह ले जाने की बात कहीं गई। कलेक्टर ने मामले को खाद्य नियंत्रक अधिकारी को सौंपा।

### कृषि विज्ञान केन्द्र में जागरूकता कार्यक्रम

**बिलासपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मंगलवार को किसान दिवस सह एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कृषि विज्ञान केन्द्र की डा. शिल्पा कौशिक ने विकसित भारत अभियान के अंतर्गत रोजगार एवं आजीविका से जुड़े वीबी-जी रामजी अधिनियम की जानकारी दी तथा किसान दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ. आर.के. एस. तोमर ने खेती में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कृषकों से पराली न जलाने की अपील की। डा. एस.एल. स्वामी लोरमी ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती के सभी मापदंड अपनाकर मूल्य संवर्धन करने पर जोर दिया। डॉ. संजय वर्मा ने प्राकृतिक खेती को अपनाने तथा सब्जी उत्पादन में रसायनों के न्यूनतम उपयोग की सलाह दी।

**निगम के पास 1.10 लाख करदाताओं के नंबर ही नहीं**

**कुल 136 करोड़ रुपए के टारगेट में अभी तक 54 करोड़ की वसूली हो सकी**

# 1.10 लाख करदाताओं के नंबर नही, तीन महीने में 82 करोड़ की टैक्स वसूली की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

निगम अमला टैक्स वसूली में पिछड़ता दिख रहा है। कुल 136 करोड़ रुपए के टारगेट में अभी तक 54 करोड़ की वसूली हो सकी है। साफ है अगले तीन महीने में 82 करोड़ रुपए वसूलना होगा जो कि चुनौती से कम नहीं है। सिर्फ संपत्तिकर की ही बात करें तो 51 करोड़ में से 20 करोड़ की वसूली हो सकी है। हालांकि पिछले साल निगम ने करीब 100 करोड़ रुपए की टैक्स वसूली की थी जो कि टारगेट का 99 प्रतिशत था।

इस बार भी निगम को उम्मीद और दावा है कि 100 प्रतिशत से उपर वसूली कर ली जाएगी। देखा जाए तो विकास कार्यों के साथ ही मूलभूत सुविधाओं में निगम को हमेशा से ही बजट की कमी झेलनी पड़ी है। निगम हमेशा से राज्य सरकार से बजट की आस लगाए रहता है। सबसे खास बात कि 137 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले नगर निगम में 1. 40 मकान, दुकान यानी प्रापर्टी है, जो निगम के प्रापर्टी टैक्स के दायरे में आते हैं। निगम के पास केवल 30 हजार करदाताओं के सही मोबाइल नंबर हैं, जिन्हें वॉट्सएेप से बिल भेजा जा चुका है। जबकि 1.10 लाख करदाताओं के वॉट्सएेप नंबर निगम के पास नहीं है। निगम सीमा क्षेत्र में पिछले साल की बात करें, तो 92 हजार मकान और लगभग 16 हजार दुकान का पंजीयन है जो टैक्स अदा करते हैं। इस




वर्ष अगर सर्वे कराया गया तो ये आंकड़ा एक लाख पार कर जाएगा। फिलहाल निगम को टारगेट का आधा टैक्स भी नहीं मिल सका है। अधिकारियों के मुताबिक कई बड़े बकायादार निगम के टैक्स वसूली के टारगेट को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में बड़े बकायादारों पर अब कुर्की कार्रवाई की भी तैयारी की जा रही है। ध्यान रहे कि ठेका कंपनी को हटाने के बाद निगम अब खुद टैक्स की वसूली कर रहा है। गौरतलब है कि, वर्तमान में शहर और आउटर के वार्डों को मिलाकर निगम में 1.27 लाख के करीब करदाता हैं, जिनसे निगम टैक्स वसूलता है। इसमें लगभग 10 से 15% करदाता ऐसे हैं जो वर्षों से निगम को टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं।

### नंबरिंग से होगा निगम को फायदा

निगम सीमा क्षेत्र में मकानों की नंबरिंग सन 2004 में करवाई गई थी और तब से लेकर अब तक हजारों मकान और दुकान नए बन गए हैं। निगम ने पिछले साल फिर से नंबरिंग की प्रक्रिया शुरू की तो जो कि पूरी नहीं हो सकी है। यदि मकानों की नबरिंग होगी तो निगम को पता होगा कि कौन से मकान का टैक्स उन्हें मिल चुका है। इसके अलावा शहरवासियों को कई ऐसे शासकीय और निजी कार्यों के लिए मकान नबंर की आवश्यकता पड़ती है।

### बड़े बकायादारों पर नोटिस और कुर्की होगी

दरअसल, बिलासपुर नगर निगम में टैक्स वसूली का सिस्टम लंबे समय से गड़बड़ाया हुआ है। कई बड़े बकायादार हैं, जो लंबे समय से टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। ठेका कंपनी भी ऐसे बकायादारों से लंबे समय से टैक्स की वसूली नहीं कर पाई है। ऐसे में निगम ने अब ठेका कंपनी को हटाते हुए खुद टैक्स वसूली का जिम्मा सम्हाला है। अब निगम की चुनौती बढ़ी हुई है। बड़े बकायादारों पर जहां नोटिस के साथ कुर्की की तैयारी की जा रही है, वहीं अन्य बकायादारों को भी डोर टू डोर नॉक किया जा रहा है। निगम की अलग- अलग टीमें इसके लिए बनाई गई हैं, जो जोनवार बकाया टैक्स की वसूली में लगी हैं।

### स्मार्ट चैटबॉट सिस्टम से वसूली में तेजी

गौरतलब है कि निगम ने संपत्ति कर (प्रॉपर्टी टैक्स) वसूली के लिए एक स्मार्ट चैटबॉट सिस्टम शुरू किया है। इस नई व्यवस्था के तहत नगर निगम करदाताओं को वॉट्सऐप के माध्यम से बिल भेज रहा है, जिसमें भुगतान के लिए एक लिंक भी शामिल होता है। इससे करदाता घर बैठे आसानी से टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। इस माध्यम से करीब 50 लाख जमा भी हो चुके हैं। दरअसल नगर निगम का यह स्मार्ट चैटबॉट सिस्टम एक कंप्यूटर प्रोग्राम है। इसका उपयोग कचरा संग्रहण, सफाई, स्ट्रीट लाइट और नाली सफाई जैसी शिकायतों को दर्ज करने के लिए भी किया जा सकता है।

### 100 फीसदी होगी वसूली

पिछले साल निगम ने करीब 100 करोड़ रुपए की टैक्स वसूली की थी जो कि टारगेट का 99 प्रतिशत था। इस बार भी निगम को उम्मीद और दावा है कि 100 प्रतिशत वसूली कर ली जाएगी। निगम मुख्यालय के साथ ही जोन वार भी इसके लिए टीमें बनाई गई हैं।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

**शुरू हुआ स्टेशन में काम...**



**बिलासपुर।** आठ माह के बाद बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन को 392 करोड़ रुपए की लागत से एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम एक बार फिर शुरु कर दिया गया है। इसके तहत नए स्टेशन भवन के लिए 18 फीट का गड्ढा खोदा जा रहा है, जहां कंपनी की जेसीबी और ट्रक दिन रात काम में लगी हुई है।

# उत्सवों में अस्थायी ट्रेनों का रेलवे ने दिया स्टापेज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने वार्षिक भंडारा उत्सव के अवसर पर प्रयागधाम के ऊरली स्टेशन के अलावा चालीसा महोत्सव पर चकरभाठा स्टेशन में और शहीदी जोड़ मेला के अवसर पर सरहिंद स्टेशन पर एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टापेज अस्थायी रूप से देने का निर्णय लिया है।

### ऊरली स्टेशन पर रूकेगी तीन ट्रेनें

प्रयागधाम ऊरली में दिसम्बर से जनवरी में होने वाले वार्षिक भंडारा उत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली ट्रेनों में 25 दिसम्बर को बिलासपुर से रवाना होने वाली 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस का 8.17 बजे से 8.18 बजे तक, 14 व 15 जनवरी को 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस का 18.50 से 18.51 बजे तक, 10 व 11 जनवरी को 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस का 6.14 से 6.15 बजे तक स्टापेज दिया है।

### सरहिंद स्टेशन पर 3 ट्रेनों का स्टापेज

25 से 27 दिसम्बर तक फतेहगढ़ साहिब में शहीदी जोड़ मेला में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए तीन ट्रेनों का स्टापेज दिया जा रहा है। इसमें 24 दिसम्बर को दुर्ग से रवाना होने वाली 20847 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेंस सरहिंद स्टेशन में 11.31 से 11.33 बजे तक, 26 दिसम्बर को 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेंस सरहिंद स्टेशन में 18.58 से 19.00 बजे तक, 25 दिसम्बर को जम्मूतवी से रवाना होने वाली 12550 जम्मूतवी-दुर्ग एक्सप्रेस 9.59 से 10.01 बजे तक रोकी जाएगी।

### चकरभाठा स्टेशन में 12 ट्रेनें रोकी जाएगी

चकरभाठा में 30 व 31 दिसम्बर को चालीसा महोत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए 12 एक्सप्रेस गाड़ियों का अस्थायी ठहराव चकरभाठा स्टेशन में दो मिनट के लिए दिया जाएगा। 30 व 31 दिसम्बर को 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस 21.06 से 21.08 बजे तक, 18240 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-कोरबा शिवनाथ एक्सप्रेस 6.39 से 6.41 बजे तक, 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 14.34 से 14.36 बजे तक, 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 10.19 से 10.21 बजे तक, 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस 18.02 से 18.04 बजे तक, 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस 9.14 से 9.16 बजे तक, 18517 कोरबा-विशाखापट्टनम लिंक एक्सप्रेस 18.27 से 18.29 बजे तक, 18518 विशाखापट्टनम-कोरबा लिंक एक्सप्रेस 8.43 से 8.45 बजे तक, 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस 15.36 से 15.38 बजे तक, 12856 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 14.00 से 14.02 बजे तक, 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस 20.40 से 20.42 बजे तक, 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस 5.25 से 5.27 बजे तक रूकेगी।

**50 करोड़ रुपए का सरचार्ज हटाने के लिए निगम ने सीएसईबी को पत्र लिखा**

# चौबीसों घंटे जल रही शहर की स्ट्रीट लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर नगर निगम पर बिजली बिल का 170 करोड़ रुपए से अधिक बकाया है। इसके बावजूद, व्यापार विहार मेन रोड, गुरु घासीदास नगर, नागदौने कॉलोनी सहित जोन क्रमांक 1, 2, 6, 7 और 8 के 17 वार्डों में स्ट्रीट लाइटें दिन-रात चौबीसों घंटे जल रही हैं। नूतन चौक से लेकर मोपका तक भी यही हाल है यहां रात दिन स्ट्रीट लाइट जलती रहती है। इसे बंद करने की कोई व्यवस्था निगम के पास नहीं है।

■ बिजली बिल का 170 करोड़ बकाया

हालांकि अब निगम ने नया तरीका निकाला है। इसके लिए अब स्ट्रीट लाइटें शाम 6 बजे जलाई जाएंगी और सुबह 6 बजे बंद होंगी। इसके साथ ही निगम ने सोलर लाइट और अमृत मिशन योजना के तहत पानी सप्लाई के 100 से अधिक मोटर पंप बंद कर दिए गए हैं। इसके अलावा बिजली बिल के बकाया में जोड़ा गया 50 करोड़ रुपए का सरचार्ज हटाने के लिए सीएसईबी को पत्र लिखा गया है। निगम के मुताबिक 1999 के अनुबंध के अनुसार सीएसईबी नगर निगम से सरचार्ज नहीं ले सकता, क्योंकि निगम आम जनता को स्ट्रीट लाइट की आवश्यक सेवा प्रदान करता है। शहर की बात करें तो बदइंतजामी का आलम यह है कि कहीं 24 घंटे स्ट्रीट लाइट जलती रहती है, तो कहीं मेन रोड पर अंधेरा रहता है। सर्वाधिक व्यस्त रहने वाले गौरव पथ, रायपुर रोड, लिंक रोड, दयालबंद, तोरवा छठघाट राजकिशोर नगर और सीपत मार्ग में कई खंभों की स्ट्रीट लाइटें बंद पाईं गई। तो कई जगहों पर दिन-रात लाइटें जलतीं रहतीं हैं।

अब निगम ने व्यवस्था की है कि सुबह दो टीम लाइटों का सर्वे करने के लिए भेजी जाएंगी। साथ में मेंटेनेंस के लिए निगम की भी एक टीम रहेगी। इसके साथ ही लाइटों का मेंटेनेंस तत्काल करने, पार्ट्स हमेशा उपलब्ध रखने और जहां आवश्यकता हो वहां नए केबल डालने की व्यवस्था की जा रही है।



### यहां दिन-रात जल रही स्ट्रीट लाइट

दरअसल बिजली की व्यवस्था ठेके पर देने का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है दिन रात जलने वाली स्ट्रीट लाइटों व बिजली की बर्बादी जीता जागता उदाहरण है इसके बाद भी नगर निगम ने विद्युत मीटरों की सोशल आडिट कराई, तो बड़े पैमाने पर मीटर बंद पाए गए। बिजली खंभों में तीसरा तार खींचने के लिए निगम ने बिजली विभाग को पत्र लिखा है इधर कलेक्टर ने पंचायत क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट के वायर लगाने के लिए डीएमएफ फंड से राशि स्वीकृत करने आश्वस्त किया है। इधर पूर्वी जोन के सकरी, उस्लापुर, अमेरी, घुरु, परसदा, तिफरा, सिरगिट्टी, दोमुंहानी, देवरीखुर्द, मोपका, लिंगियाडीह में स्ट्रीट लाइट 24 घंटे जलती रहती हैं, इन्हें बंद करने पर ध्यान नहीं दिया जाता।

### 20 से अधिक स्थानों पर 24 घंटे जल रही

हरिभूमि ने शहर का जायजा लिया तो निगम एरिया में ही 20 से अधिक स्थानों पर 24 घंटे स्ट्रीट लाइट जलने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद इन स्थानों पर बिजली खंभे में तीसरा तार लगाने के लिए सीएसईबी को डिमांड नोट देने कहा गया। इसमें से 4 स्थानों के डिमांड नोट मिल चुके हैं, शेष 6 स्थानों के डिमांड मिलने पर उसकी प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी, ताकि बिजली का अपव्यय रोका जा सके। प्रभारी ईई निलेश पटेल ने बताया कि दिन रात स्ट्रीट लाइट जलने की समस्या मंगला और बिरकोना सहित निगम में शामिल पंचायत क्षेत्रों से मिली थी, जिसके लिए सीएसईबी को तीसरा तार लगाने कहा गया है।

### किया जाएगा भुगतान

अप्रैल के बाद से अभी तक 8 करोड़ रुपए का बिजली बिल जमा किया गया है। बाकी भुगतान भी किया जाएगा। इसके साथ ही निगम ने अब तय किया है कि सभी लाइटें दिन ढलने के बाद एक निर्धारित समय पर शुरू होंगी और सुबह होने पर निर्धारित समय पर एक साथ बंद होंगी। निगम द्वारा स्ट्रीट लाइटों में टाइमर भी लगवाया जा रहा है।

- **निलेश पटेल**, प्रभारी कार्यपालन अभियंता

# त्रिवेणी भवन, व्यापार विहार में होगा साधना शिविर, पूजन एवं दीक्षा 30 से

**बिलासपुर।** त्रिवेणी भवन, व्यापार विहार में परम पूज्य सदगुरु देव, स्वामी निखिलेश्वरंद महाराज डॉ. नारायण दत्त श्री माली की असीम अनुकंपा एवं आशीर्वाद से सदगुरु देव कैलाश चंद्र श्रीमाली, माता शोभा श्री माली एवं सदगुरु देव विनीत श्री माली के सानिन्ध्य में तीन दिवसीय साधना शिविर, पूजन एवं दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन 30-31 दिसम्बर व 1 जनवरी को किया जा रहा है।


तीन दिन तक आयोजित इस साधन शिविर में शिवत्व कुबेर लक्ष्मीमय साधना दीक्षा के लिए - 11000 रुपए, हवन युक्त सर्व दुर्गतीनाशाय योग भोग धनदा लक्ष्मी दीक्षा के लिए 3500 रुपए, शिव गौरीमय संतान सुखदा कुल वंश वृद्धि जीवट युक्त दीक्षा 2700 रुपए, नूतन वर्ष मंगला गौरी कुल वंश वृद्धि शाकंभरी शिवत्व सहस्त्र लक्ष्मी प्राप्ति दीक्षा के लिए 2400 रुपए, कुबेर श्री विग्रह व धनदा लक्ष्मी माला के लिए 11000 रुपए, सर्व कामना पूर्ति नूतन मंगलमय कुबेर साधना दीक्षा 11000 रुपए, महामाया सौभाग्य नूतन वर्ष सुमंगलता धनदा लक्ष्मी कुबेर श्री वृद्धि साधना युक्त दीक्षा 11000 रुपए गुरु दीक्षा - 2400 रुपए आयोजन समिति के पास जमाकर दीक्षा प्राप्त कर सकते हैं। 30 -31 दिसम्बर को पुत्रदा एकादशी , निश्चित पुत्र प्राप्ति, गोपाल मंत्र, चक्र धर विष्णु, विश्वदेव , रोग मुक्ति, धन्वंतरी प्रयोग, आदि साधना दीक्षा का सर्व श्रेष्ठ मुहूर्त 31 दिसंबर को, सर्वार्थ सिद्धि योगमय रोहिणी नक्षत्र प्रदोष मय बुधवार को हवन यज्ञ युक्त दिव्य दीक्षा के लिए 3500 रुपए जमा करना होगा।

**कार्रवाई: 15 नवंबर से 23 दिसंबर तक पकड़े गए 50 मामले**

# अवैध धान संग्रहण मामलों की हाफ सेंचुरी, पंद्रह सौ क्विंटल धान जब्त

**बिलासपुर।** सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होने के दिनांक 15 नवंबर से लेकर 23 दिसंबर तक प्रशासन के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान संग्रहण के 50 मामले पकड़े जा चुके हैं। इन पचास मामलों में टीम के द्वारा पंद्रह सौ क्विंटल धान की जब्ती की गई है। बिचौलियों के माध्यम से किसानों के खातों में ये धान बेचा जाता, इससे पहले ही इनकी जब्ती कर ली गई।

बिचौलियों ने सस्ती दरों पर किसानों का धान खरीदकर समर्थन मूल्य पर बेचने व ज्यादा लाभ कमाने की कोशिश तो अच्छी की थी, लेकिन जिला प्रशासन की चुस्त-दुरूस्त व्यवस्था के चलते अच्छा-खासा लाभ कमाना तो दूर की बात है, उल्टे उनका मूलधन भी फंस गया है। अब धान खरीदी की समयावधि 31 जनवरी को समाप्त होने के बाद ही संबंधितों के धान एवं वाहन छोड़े जा सकेंगे। इतना ही नहीं, बल्कि धान छोड़ने से पहले मंडी अधिनियमों के अंतर्गत जुर्माने की कार्रवाई भी अलग से की जाएगी। धान खरीदी को अब भी सवा महीने शेष हैं, जिससे इस बीच भी प्रशासन की धर-पकड़ की कार्रवाई चलती रहेगी।



### सरकार को 48 लाख का फायदा

पकड़ा गया अवैध धान अगर निरीक्षण दलों के हाथ नहीं लगता तो बिचौलियों के माध्यम से अब तक यह विभिन्न किसानों के खाते में समर्थन मूल्य पर बेचा जा चुका होता। कार्रवाई के अंतर्गत टीम के द्वारा 1541.20 क्विंटल धान की जब्ती की गई है। ऐसे में अगर पकड़े गए धान का हिसाब 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर पर किया जाए तो यह आंकड़ा 47 लाख 77 हजार 720 रूपए तक पहुंचता है। कुल मिलाकर इस कार्रवाई से सरकार की लगभग 48 लाख रूपए की बचत हुई है।

### कार्रवाई में कई टीमें शामिल

अवैध धान की धरपकड़ करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कई टीमें गठित की गई हैं। इसके अंतर्गत खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व विभाग एवं मंडी विभाग के न केवल जमीनी स्तर के कर्मचारी, बल्कि अधिकारी भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा जिले में करीब आठ स्थानों पर चेकपोस्ट बनाए गए हैं। चेकपोस्ट में वन विभाग के जमीनी स्तर के कर्मचारी एवं खनिज जांच चौकी में भी अवैध धान परिवहन जांच की व्यवस्था की गई है।

### जुर्माने के बाद छोड़ा जाएगा


अवैध धान संग्रहण, भंडारण व परिवहन के कुल 50 मामलों में 1541 क्विंटल धान जब्त किए गए है। जब्त धान एवं वाहन समर्थन मूल्य पर खरीदी की अवधि 31 जनवरी तक जब्त ही रखे जाएंगे। इसके बाद मंडी अधिनयमों के अंतर्गत कार्रवाई कर नियमानुसार जुर्माने के बाद इन्हें छोड़ा जा सकेगा।

-**राजेंद्र ध्रुव**, प्रभारी संयुक्त संचालक कृषि उपज मंडी

# महानदी में तैरती मिली महिला की लाश

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण स्थित महानदी में एक महिला का शव तैरते हुए मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि अभी तक उक्त महिला की शिनाख्ती नहीं हो पाई है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टेंपल सिटी शिवरीनारायण में मंगलवार 23 दिसंबर को महानदी में स्थानीय लोगों ने शव देखे जाने की सूचना तुरंत पुलिस को दी। जिसके बाद शिवरीनारायण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया।



फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थानों और ग्रामीण इलाकों में पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि महिला कहां की रहने वाली है। पुलिस के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## खबर संक्षेप

### धान बेचने को लेकर भाइयों में खूनी संघर्ष, एक की मौत

**सूरजपुर।** पारिवारिक जमीन पर धान बेचने को लेकर चल रहा विवाद इतना बढ़ गया कि भाई-भाई एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। धान बेचने को लेकर उपजे विवाद के बाद परिवार के सदस्यों ने मिलकर अपने ही एक भाई की घर में घुसकर हत्या कर दी। इस घटना में दो महिलाओं समेत चार अन्य लोग घायल हुए है जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद विधायक भूलन सिंह मरावी ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और बेहतर उपचार के निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि जिले के रामानुजनगर थाना अंतर्गत पटना ग्राम बछियाबांध पारा निवासी 45 वर्षीय आनंद सिंह आ. अहिबरन सिंह का अपने बड़े भाई भोला राम से पुस्तैनी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इस बार भी विवादित भूमि पर हुई फसल को एक ही परिवार के सदस्य बेच रहे थे ऐसे में आनंद सिंह ने शिकायत की थी। शिकायत के बाद स्टे लग गया और इसी बात को लेकर भोला राम व उसके परिवार के सदस्य नाराज चल रहे थे। मृतक के पुत्र ने बताया कि मंगलवार को भोला राम के साथ ही परिवार के सदस्य अचानक ही घर में घुस आए और विवाद करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की। दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद में आनंद सिंह, उसकी पत्नी बसंती, बच्ची व दूसरे पक्ष से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आनंद सिंह को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि उसकी पत्नी व बच्ची का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। इधर दूसरे पक्ष के दो अन्य गंभीर घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

### मंदिर की दान पेटी तोड़ चोरों ने पार किया 5 हजार रुपए

**सूरजपुर।** छठ घाट मार्ग स्थित गायत्री मंदिर का ताला तोड़ चोरों ने दान पेटी से लगभग 5 हजार रुपए पार कर दिया। मंदिर के सदस्य ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार छठ घाट रोड स्थित गायत्री मंदिर में हर रोज की भांति सोमवार की सुबह पुराजी दीपक कुशवाहा मंदिर पूजा करने गया था। मंदिर पहुंचा तो देखा मंदिर के पीछे का दरवाजा का ताला टूटा तथा अंदर रखे दानपेटी टूटा हुआ था। मंदिर में चोरी होने पर पुजारी ने घटना की सूचना मंदिर के सदस्य अवधेश गोयल को दी। सूचना पर अवधेश गोयल मंदिर पहुंचे तो देखा दान पेटी में रखा लगभग 5 हजार रुपए गायब थे जबकि सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति चोरी करते नजर आया। अवधेश गोयल ने मंदिर में चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अम्बिकापुर।** इलाज कराने ग्राम बरती कला जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे यात्री बस के चालक ने टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम इंजानी निवासी विश्वकर्मा पटेल शुक्रवार को अपना इजाल करने बाइक क्रमांक सीजी 29 एडी 5211 से ग्राम बरती कला इलाज कराने जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सावित्रीपुर के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे यात्री बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार घायल हो गया।

## निधन

### लाखो देवी शर्मा

**कोरबा।** पावर हाइट्स सोसायटी निवासी



श्रीमती लाखो देवी शर्मा का 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को पावर हाइट्स सोसायटी से पौड़ी बहार मुक्तिधाम के लिए सुबह 11 बजे प्रस्थान करेगी। वे राज कुमार शर्मा और संतोष शर्मा की माता थीं।

# पीजी कॉलेज में आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी अभियान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आत्म निर्भर भारत एवं स्वदेशी संकल्प अभियान के तहत आज शासकीय ईवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला कोरबा के जिला मंत्री अजय कुमार दुबे एवं भाजपा जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य वक्ता अजय कुमार दुबे एवं संस्था की प्राचार्य श्रीमती शिखा शर्मा के द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता की पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वंदना किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् का गायन कराया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अजय कुमार दुबे ने आत्म निर्भर भारत एवं स्वदेशी पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत प्राचीन काल में सोने की चिड़िया कहलाता था, किंतु विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं ने भारत को लूटना प्रारंभ किया। बाद में अंग्रेजों ने इस क्रम को जारी रखा। आत्म निर्भर भारत एवं स्वदेशी पर विषय रखने के पश्चात अजय कुमार दुबे ने सभी को स्वदेशी का संकल्प दिलवाया एवं स्वदेशी पत्रक भरवाया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के विषय से सभी को अवगत कराते हुए भारत माता का चित्रण प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर संस्था की प्राचार्य डॉ शिखा शर्मा ने नशा मुक्ति हेतु सभी से संकल्प करवाया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य डा.श्रीमती शिखा शर्मा, अर्थशास्त्र के प्राध्यापक एसके गोभील, हिंदी की प्राध्यापक श्रीमती डा.धनेश्वरी दुबे, सहायक प्राध्यापक बलराम कुर्रे आदि ने भी स्वदेशी विषय पर अपने विचार रखे।

अलग खबर

### प्राचीनकाल में सोने की चिड़िया कहलाता था भारत

**खास बात**

- प्राचार्य डॉ शीखा शर्मा ने नशामुक्ति का दिलाया संकल्प



## प्रस्तावित कार्यो की कार्यप्रक्रिया त्वरित रूप से पूर्ण कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के दिए निर्देश

# जिला चिकित्सालय में प्रस्तावित कार्यों को समयसीमा पर करें पूर्ण : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला चिकित्सालय कोरबा में जिला खनिज न्यास मद से कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में अपेक्षित तेजी लाएं तथा कार्य को समयसीमा में पूर्ण करें, वहीं प्रस्तावित निर्माण कार्यो की कार्यप्रक्रिया में गति लाकर कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराएं। कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष नजर रखें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ किए गए हैं, कार्य की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का कम्प्रोमाईज स्वीकार्य नहीं होगा तथा कार्यो में लेट-लतीफी क्षम्य नहीं होगी।

उक्त निर्देश निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने नगर निगम के अधिकारियों व अभियंताओं की टीम के साथ जिला चिकित्सालय परिसर में जिला खनिज न्यास मद से कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यो के निरीक्षण के दौरान दिए। साथ ही वहां पर प्रस्तावित निर्माण कार्यो का स्थल निरीक्षण कर कार्य प्रक्रिया में तेजी लाने एवं प्रस्तावित कार्यो को शीघ्र प्रारंभ किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिला चिकित्सालय कोरबा में जिला खनिज न्यास मद से लगभग 30 लाख रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त वेटिंग हाल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य वर्तमान में प्रगति पर है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने वेटिंग हाल निर्माण कार्य की कार्यप्रगति का अवलोकन किया, कार्य की गुणवत्ता को देखा तथा अभियंताओं को निर्देश दिए कि वेटिंग हाल निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी लाएं, कार्य की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखें एवं समयसीमा में कार्य को पूरा कराएं। इसी प्रकार हास्पिटल में 41 लाख 13 हजार रूपये की लागत से एस.एन.सी.यू. रूम का निर्माण कार्य भी वर्तमान में प्रगति पर है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया एवं कार्य पूर्णता के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। अस्पताल परिसर में जिला खनिज न्यास मद से ही शेड का निर्माण किया जा रहा है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए हैं।



अधिकारियों को निर्देश देते निगम आयुक्त।

### एनआरसी बिल्डिंग व रेडक्रास सोसायटी भवन का कार्य जल्द करें पूर्ण

जिला चिकित्सालय परिसर में जिला खनिज न्यास मद से 28 लाख 36 हजार रूपये की लागत से एन.आर.सी.बिल्डिंग का निर्माण निगम द्वारा किया जाना हैं, जिसकी निविदा प्रक्रिया प्रक्रिया पर है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने एन.आर.सी.बिल्डिंग हेतु स्थल चिन्हाकंन सुनिश्चित कर टेण्डर की कार्यप्रक्रिया नियमानुसार जल्द से जल्द पूरी कर कार्य प्रारंभ किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार जिला खनिज न्यास मद से ही 79 लाख 49 हजार रूपये की लागत से परिसर में रेडक्रास सोसायटी भवन का निर्माण भी कराया जाना हैं, जिसकी निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त महत्वपूर्ण निर्माण कार्य को भी शीघ्र प्रारंभ किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### जल निकासी प्रबंधन हेतु नालियों का होगा निर्माण

हास्पिटल स्टाफ के आवासगृहों एवं उक्त सम्पूर्ण परिसर में जल निकासी प्रबंधन हेतु जिला खनिज न्यास मद से 1 करोड़ 94 लाख 70 हजार रूपयेय की लागत से नालियों का निर्माण व अन्य सहायक व्यवस्थाएं की जानी हैं, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त कार्य का स्थल निरीक्षण किया तथा कार्य की सभी आवश्यक कार्य प्रक्रियाओं को त्वरित रूप से पूर्ण करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# सतनामी-सूर्यवंशी समाज ढेलवाडीह ने मनाई गुरुघासीदास जयंती



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सतनामी-सूर्यवंशी समाज कल्याण समिति ढेलवाडीह के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की 269 जयंती का कार्यक्रम रविवार को जैतखाम चौक,एसईसीएल कॉलोनी, ढेलवाड़ीह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, अध्यक्षता एन. के. राय, उपमहाप्रबंधक, डीएसबी उपक्षेत्र के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा जैतखाम में पूजा अर्चना एवं गुरु घासीदास बाबा के छायाचित्र पर माल्यार्पण/ पुष्प अर्पित कर किया गया। श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में अंधविश्वास, पाखंड को छोड़कर शिक्षा में विशेष ध्यान देकर गुरु के आदर्शों और उनके बताए हुए मार्गों पर चलने को कहा। विशिष्ट अतिथि डॉ.पी.एल.आदिले प्राचार्य जय बूढ़ादेव महाविद्यालय कटघोरा ने गुरु बाबा घासीदास के संदेश मनखे-मनखे एक समान को परिभाषित कर सभी मानव एक समान एवं सम्मान अधिकार के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे एन. के. राय, उपमहाप्रबंधक, डीएसबी उपक्षेत्र ने कहां की हम प्रतिवर्ष ऐसे आयोजन इसलिए करते हैं कि हमारे गुरुओं के द्वारा दी गई संदेश को हम आत्मसात करते हुए उनके द्वारा बताए संदेश जन-जन तक पहुंचे, महापुरुषों के विचारों आदर्श को सिर्फ पढ़ना ही नहीं है बल्कि उन्हें अपने चरितार्थ में लाना है, विशिष्ट अतिथि नारायण प्रसाद कुर्रे, अध्यक्ष, कोरबा सतनामी समाज, जिला कोरबा ने बाबा जी के सात उपदेशो को बताते हुए उन पर अमल करने को कहा तथा उन्होंने कहा कि सतनाम कोई जाति धर्म से ताल्लुक नहीं रखता सतनाम एक पंथ है जो सत्य की मार्ग को प्रशस्त करता है। कार्यक्रम में सतनामी सूर्यवंशी समाज, ढेलवाडीह की महिलाओ व बच्चों द्वारा गुरूबाबा के उपदेशो को दीवाना पंथी पार्टी, तुमन एवं सत्यम पंथी पार्टी, डोड़की के माध्यम से प्रस्तुती दिये। इस अवसर पर अतिथिगण आर. के. सोनवानी, संजय शर्मा, श्रीमती सुनीता पाटले, भगवत प्रसाद साहू, के. आर.बिझेकर आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय गायन स्पर्धा में भव्य ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी एवं विजेता भव्य देवांगन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वर्णिम धरोहर लता फाउंडेशन संस्था द्वारा आयोजित यह राष्ट्रीय गायन प्रतियोगिता में कोरबा के उभरते हुए प्रतिभाशाली कलाकार भव्य देवांगन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी के होनहार छात्र रहे भव्य को पार्श्व गायिका एवं गजल सिंगर मिताली सिंह, फिल्मी दुनिया के मशहूर संगीत अरेंजर अमर हल्दीपुर, पार्श्व गायिका जयश्री शिवराम ने पुरस्कृत किया।

स्वर्णिम धरोहर लता फाउंडेशन संस्था के अंतर्गत यह राष्ट्रीय स्तर का गायन प्रतियोगिता नया रायपुर में आयोजित हुई। जिसमें देश भर के 400 प्रतिभागियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्पर्धा से चुनिंदा 40 बच्चों का चयन किया गया, जिनके बीच सेमीफाइनल हुआ और फाइनल के लिए 20 प्रतिभागियों का चयन किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने उम्दा प्रदर्शन किया और श्रोताओं को अपने गायन से प्रभावित किया। श्री सत्य साईं सौभाग्यं नवापारा रायपुर के ऑडोटोरियम में खचाखच भरे दर्शकों ने इस आयोजन का साक्षी बनकर आनंद लिया। भव्य देवांगन ने अपने गायन से निर्णायकों का दिल जीत लिया और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में पार्श्व गायिका एवं गजल सिंगर मिताली सिंह, फिल्मी दुनिया के मशहूर संगीत अरेंजर अमर हल्दीपुर, पार्श्व गायिका जयश्री शिवराम थे। भव्य देवांगन ने कहा कि जो कुछ भी आज मुझे हासिल हुआ इसका श्रेय मेरे पिता एवं गुरु अशोक देवांगन, मेरे बड़े भैया आकर्षण देवांगन को जाता है जिनके मार्गदर्शन में मैंने यह मुकाम हासिल किया। भव्य ने समस्त गुरुजनों का आभार प्रकट किया, जिनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन मुझे मिलता रहता है।

# ईसीआईनेट मोबाइल एप अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर कर सकते हैं जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) कार्यक्रम अंतर्गत अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन राजनीतिक दलों की उपस्थिति में की गई। उन्होंने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

**खास बात**

- कलेक्टर ने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का किया प्रारंभिक प्रकाशन

कलेक्टर श्री दुदावत ने बताया कि मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात 23 दिसम्बर से 22 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियाँ प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 23 दिसम्बर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। सभी प्रक्रियाओं के पूर्ण होने के उपरांत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। कलेक्टर श्री दुदावत ने राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों को प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रतियां सौंपते हुए बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य संविधान के अनुच्छेद 326 तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 16 एवं 19 के अंतर्गत सभी योग्य व्यक्तियों का निर्वाचक सूची में पंजीकरण सुनिश्चित करना है। इसका प्रमुख उद्देश्य यह भी है कि कोई भी योग्य नागरिक निर्वाचक सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए तथा कोई भी अयोग्य व्यक्ति का नाम सूची में सम्मिलित न होने पाए। संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, किसी व्यक्ति का निर्वाचक नामावली में पंजीकरण तभी संभव है जब उसने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, वह संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का मामूली तौर से निवासी हो, भारत का नागरिक हो तथा किसी भी प्रचलित कानून के अंतर्गत निरर्हित न हो।

### दावा आपत्ति का निराकरण 14 फरवरी तक

निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर के पश्चात कोरबा जिले में दावा-आपत्ति की प्रक्रिया जारी है। जिले में कुल चार विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें 20-रामपुर, 21-कोरबा, 22-कटघोरा तथा 23-पाली तानाखार शामिल हैं। जिले में पूर्व में 1081 मतदान केन्द्र स्थापित थे, युक्तियुक्तकरण के पश्चात 132 नवीन मतदान केन्द्र जुड़े है, जिससे जिले में अब कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1211 हो गई है। वर्तमान में कोरबा जिले में कुल 9,51,278 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 4,09,417 पुरुष, 4,07,974 महिला तथा 19 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 4 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 10 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा 26 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इनके द्वारा निर्धारित समयावधि में प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी तक किया जाएगा, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

## नितेश कुमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में पुलिस लाईन विजेता और सकरेली रनरअप

# खेल से शारीरिक विकास के साथ बढ़ता है सद्भाव: पवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

नितेश कुमार मेमोरियल टूर्नामेंट का फायनल रोमांचक मैच मड़वारानी के पास बटालियन क्षेत्र के विशाल खेल मैदान में खेला गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह, विशिष्ट अतिथि संजय राठौर, विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल सहित अतिथियों, ग्रामीणों, अभिभावकों एवं विद्यालय के बच्चों ने फायनल मैच देखा। एक पखवाड़े से चल रही क्रिकेट टूर्नामेंट का मंगलवार को समापन हो गया और इस रोमांचक मुकाबले में पुलिस लाईन ने फायनल मैच अपने नाम कर लिया।

फायनल मैच पुलिस लाईन और सकरेली के बीच खेला गया, जिसमें सकरेली ने टॉस जीतकर पहले फिल्डिंग करने का फैसला किया। 10 ओवर के इस मैच में पुलिस लाईन ने 156 रन बनाए और केवल 4 विकेट खोए। पुलिस लाईन टीम के बेट्समेन संजय ने शानदार 59 रनों की पारी खेली और पुलिस लाईन टीम को विजयश्री दिलाने में अहम भूमिका निभाई। संजय को मेन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। पुलिस लाईन टीम को विजेता का आवर्ड दिया गया। सकरेली टीम 6 विकेट खो कर 72 रन ही बना पाई। 24 दिसम्बर को नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह में विजेता टीम पुलिस लाईन को 11 हजार नकद पुरस्कार एवं रनरअप सकरेली टीम को 5100 का नकद पुरस्कार से नवाजा जाएगा। नितेश कुमार स्मृति क्रिकेट स्पर्धा के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जिला पंचायत कोरबा के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से ही खेलना चाहिए। हार-जीत लगी रहती है। विजेता टीम को बधाई और रनरअप को अपना प्रयास लगातार जारी रखना चाहिए और कमियों को ढूंढ कर और मेहनत करें, ताकि आगामी खेलों में और बेहतर प्रदर्शन करे और विजयश्री हासिल करे। डॉ. पवन सिंह सहित अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।



विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथि।

## पृष्ठ 1 का शेष

### भाजपा नेता पर...

ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से जख्मी अक्षय गर्ग को एक निजी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। भाजपा नेता अक्षय गर्ग की हत्या की खबर जिले में आग की तरह फैली और लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और वारदात को लेकर कटघोरा के व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकानों को बंद कर दिया। दिनदहाड़े हुई हत्या की वारदात की सूचना पाते ही बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ.संजीव शुक्ला, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर सहित जिले के तमाम थाना प्रभारी दल बल सहित घटना स्थल जा पहुंचे और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले भर में नाकेबंदी की गई, लेकिन देर शाम तक हत्यारों का कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस के 50 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों की टीम घटना स्थल पर कैंप जमाकर मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। फिलहाल पुलिस को हत्यारों का कुछ सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस विभिन्न एंगलों पर जांच कर रही है। वहीं अक्षय गर्ग की हत्या को लेकर शहर में तरह तरह की चर्चाएं सरगर्म है। फिलहाल पुलिस व्यापारिक प्रतिस्पर्धा को लेकर जांच कर रही है। संभवतः इसी के चलते कहीं अक्षय की हत्या हुई हो। हालांकि यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि अक्षय की हत्या किसलिए की गई है।

### संयुक्त श्रमिक...

क्षेत्रीय महामंत्री एन.के. सिंह, एटक परियोजना के अध्यक्ष महावीर पटेल, एचएमएस के अध्यक्ष रामेश्वर वैष्णव, सचिव देवेंद्र सिंह परिहार, इंटक के अध्यक्ष उवैश अहमद, सचिव निर्मल चंद्रा सहित, शंकर सिंह, विनय कुमार, स्वर्णकार, नरेश साहू, भूपेंद्र मेहर, महेंद्र पाल यादव, मंतोष कुमार, शैलेन्द्र सिंह, सौरभ गौतम, पूरन लाल लाठिया, वाई.आर. जलतारे, भोला शंकर, सोनू प्रताप सिंह, निरंजन सिंह, मनीष सिंह, जनार्दन यादव, प्रदीप गौतम, अनंत त्रिपाठी, श्याम सुंदर, राजेंद्र सतनामी, श्रवण कुमार, कुरान साय, थलेश्वर, के.जयन कुमार सहित सैकड़ों कामगार साथी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### निजी अस्पताल...

मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराना संस्था की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और मरीजों के हितों से समझौता करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### बालको में मनाई गई संत गाडगे की 69वीं पुण्यतिथि

**कोरबा।** स्वच्छता और निःस्वार्थ सेवा के महान प्रतीक संत गाडगे महाराज जी की 69वीं पुण्यतिथि मनाया गया। संत गाडगे महाराज ने अपने तप, त्याग और कर्मयोग के माध्यम से समाज को समानता, स्वच्छता, शिक्षा और मानव सेवा का अमूल्य संदेश दिया। उन्होंने जीवन भर वंचितों, पीड़ितों और शोषितों की सेवा को ही अपना धर्म निभाया बरेठ धोबी समाज के संस्थापक रामकुमार पाटस्कर ने अपने उद्बोधन में कहा कि संत गाडगे महाराज भूखे को अन्न दो प्यासे को पानी पिलाओ निर्वस्त्र को कपड़े दो गरीब बच्चों को शिक्षा दो बेघर को आश्रय दो, बालको इकाई के अध्यक्ष, गिरधारी बरेठ वरिष्ठ टीआर बरेठ जीपी बरेठ ने संत गाडगे महाराज के 68 पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### प्रेरणा महिला मंडल ने सफाई कर्मियों को किया सम्मानित




**कोरबा।** आवासीय परिसर के वीआईपी गेस्ट हाउस में प्रेरणा महिला मंडल द्वारा सफाईकर्मियों को केसरोल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अलका कंसल एवं उपाध्यक्ष श्रीमती अनु सरना द्वारा सफाईकर्मियों को केसरोल वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वच्छता बनाए रखने वाले सफाईकर्मियों के प्रति सम्मान, सहयोग एवं संवेदनशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर प्रेरणा महिला मंडल की सचिव श्रीमती पूनम भगत, संयुक्त सचिव श्रीमती भारती खरे, कोषाध्यक्ष श्रीमती रश्मि साहू, खेल सचिव श्रीमती सीमा राजपूत एवं श्रीमती अनामिका गुप्ता, सांस्कृतिक सचिव श्रीमती कादंबरी राणा, श्रीमती गीता पैकरा सहित प्रेरणा महिला मंडल की सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

### गोल्डन विंग्स बुक अवार्ड के लिए रंजना चयनित

**कुसमुण्डा।** स्थानीय बीकन स्कूल अंग्रेजी माध्यम की शिक्षिका श्रीमती रंजना सोनी का चयन गोल्डन विंग्स बुक अवार्ड ऑफ द ईयर 2026 के लिए चयनित हुआ है। उनका चयन अखिल भारतीय स्तर पर हुई है। जिन्हे आगामी 17 जनवरी को पुणे महाराष्ट्र में जाने माने सिनेमा लेजेण्ड एवं लेखक गुलशन ग्रोवर जी के हाथो यह सम्मान उनकी कृति स्पीक इंग्लिश टुडे स्टेप बाय स्टेप गाइड फॉर्म बेसिक टू फ्लूएंट के लिए सम्मानित किया जायगा। श्रीमती रंजना सोनी एक अंग्रेजी की अध्यापिका के साथ-साथ प्रशिक्षिका, लेखिका, ऑन लाइन एजुकेटर एवं यू-ट्यूब एनफ्लूएन्शर है। उनके इस सम्मान के लिए उनके परिजन एवं विद्यालय स्टॉफ काफी उत्साहित है। विद्यालय के प्राचार्य श्री कुरियन ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी है।



### रास्ता रोक कर लूटपाट मामला दर्ज

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत आरएसएस निवासी दीपक ठाकुर पिता लक्ष्मण सिंह ठाकुर निवासी तखतपुर 20 दिसंबर को वह सोमू सेन गुप्ता एमपीबी चौक से आरएसएस नगर की ओर आ रहा था तभी उसकी गाड़ी थार का दरवाजा खुला था और सोमू सेन गुप्ता बगल में बैठा हुआ था। वह नीचे गिर गया और उसकी गाड़ी को साइड लगाकर उतरने गया, तभी पीछे से एक स्कॉर्पियो जिसका नंबर सीजी 12 बीक्यू 1355 आई, जिसमें से चार पांच लोगों उतरे और दीपक ठाकुर को मारने लगे, जिससे उसे गंभीर चोट आई है। दीपक को मारने के बाद तीन-चार लोग उसका हाथ पकड़ कर गले से सोने की चैन, 75 हजार रूपये लूट लिया है। मामले की रिपोर्ट पर सोमू सेन गुप्ता और सोमू अग्रवाल के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ई कार्ट रिक्शा की खराबी से स्वच्छता दीदियों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

ऊर्जाधानी में बीते दिनों डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली महिला समूह को कचरा कलेक्ट करने के लिए ई कार्ट सौंपी गई थी। पहले यह काम पैडल वाले रिक्शा से किया जाता था। स्वच्छता दीदियों की सहूलियत के लिए कुछ दिन पहले स्वच्छता दीदियों को ई कार्ट प्रदान किया गया। अब कुछ ही दिनों के भीतर इसमें खराबी आ गई, दूसरे ही दिन इसे फील्ड से खींचकर वापस कचरा संग्रहण केंद्र तक लाना पड़ा। पंचर होने और अन्य खराबी के कारण महिला समूह ने इसे मेंटेनेंस के लिए वापस लौटा दिया है। नगर निगम के केंद्रीय भंडार गृह में खरीदी के बाद काफी दिन तक इन्हें बिना उपयोग को खुले में ही खड़ा करके रखा गया है। काफी दिनों तक खड़े रहने के कारण नए ई कार्ट में खराबी आ रही है। जिससे महिलाओं को सहूलियत के स्थान पर मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

खनिज न्यास मद (डीएमएफ) से नगर निगम को 2 करोड़ 80 लाख रुपए प्रदान किए गए थे। जिससे कचरा संग्रहण के काम में लगी महिलाओं को मैन्युअल पैडल वाले रिक्शा के स्थान पर बैटरी से चलने वाले ई रिक्शा प्रदान की जा सके। कचरा संग्रहण के कार्य में आसानी के लिए यह खरीदी की गई थी। कचरा संग्रहण का काम ठीक से हो सके, इसके लिए 80 ई रिक्शा की खरीदी भी हुई लेकिन मिलने के कुछ समय बाद ही इनमें खराबी आने लगी है। 80 में से कुछ संख्या में ई रिक्शा को प्रदान कर दिया गया है जबकि काफी सारे ई-रिक्शा अब भी केंद्रीय भंडार गृह में में खड़े हैं।

## डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में हो रही दिक्कत




### की जाएगी समीक्षा

इस बारे में निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने कहा कि ई रिक्शा में खराबी आने की समीक्षा की जाएगी, एक भी ई-रिक्शा भंडार गृह में खड़े नहीं रहेंगे। इसे फील्ड पर उतारा जाएगा। इंश्योरेंस और अन्य कुछ औपचारिकता शेष रहने की वजह से ये भंडार गृह में हैं। ई-रिक्शा की समीक्षा की जाएगी और इन्हें स्वच्छता दीदियों को प्रदान किया जाएगा। हम उन्हें सुदृढ़ कर रहे हैं उन्हें सुविधा प्रदान कर रहे हैं ताकि वह इस काम को और बेहतर तरीके से कर सकें।

## तीन लोगों को उतार चुका है मौत के घाट, धरमजयगढ़ की ओर कर सकता है रूख

# करतला रेंज के पीड़िया में दंतैल हाथी का डेरा, वन विभाग अलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




वनमंडल करतला रेंज में पहुंचे दंतैल हाथी की वन विभाग द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। दंतैल हाथी सोमवार की रात बड़मार क्षेत्र से आगे बढ़कर पीड़िया पहुंच गया। चूंकि क्षेत्र में रामपुर में मेला हो रहा था, तो लोगों की जान को दंतैल से खतरा हो सकता था, जिसे देखते हुए वन विभाग ने विशेष सावधानी बरती और दंतैल की कड़ी निगरानी करने के साथ रात भर उसकी गतिविधियों की जानकारी अधिकारियों को देने का सिलसिला जारी रहा। वर्तमान में दंतैल यहां के जंगल में विचरण कर रहा है।

वन विभाग लोगों को मुनादी कराकर सतर्क करने का अभियान शुरू कर दिया है। वन विभाग के अधिकरियों ने कहा कि वे दंतैल की मौजूदगी वाले जंगल की ओर न जाएं। उधर वनमंडल कटघोरा के चंदनपुर खुटरीगढ़ इलाके में देर रात हाथी आने की खबर मिली थी। खबर मिलते ही वन विभाग के आलाधिकारियों को सूचना दी गई, विभाग के कर्मचारियों ने मौके का मुआयना कर हाथी नहीं होने की पुष्टि की है। देर रात ग्रामीणों द्वारा जानकारी दी गई कि चंदनपुर के पास खुटरीगढ़ के पीछे जंगल में दो हाथी विचरण कर रहे हैं, हाथी आने की खबर तत्काल वन विभाग के डीएफओ कुमार निशांत को दी गई। जहां डीएफओ ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल टीम रवाना की। जहां वन विभाग की टीम ने मौके का जायजा लिया। इस दौरान विभागीय टीम ने पुष्टि की है कि इलाके में हाथियों की मौजूदगी नहीं है। विभागीय टीम के कर्मचारियों ने बताया कि हाथियों की मौजूदगी फिलहाल जडगा रेंज में है, जहां 41 हाथी मौजूद हैं। जिन पर विभाग नजर बनाए हुए हैं। टीम ने बताया कि चंदनपुर खुटरीगढ़ में हाथियों के आने की खबर झूठी है फिलहाल वन विभाग की टीम द्वारा मुनादी कराकर ग्रामीणों को सुरक्षित रहने की अपील की है। साथ ही विभागीय प्राईवेट तौर पर उपलब्ध थर्मल ड्रोन का सतत उपयोग कर लगातार हाथियों के लोकेशन का ट्रेक किया जा रहा है। हाथी मित्र दल, कोरबा वनमण्डल के नोवा नेचर क्लब के सक्रिय सहयोग लेकर एवं कोरबा परिक्षेत्र, कुदमुरा परिक्षेत्र, पसरखेत परिक्षेत्र के कर्मचारियों/अधिकारियों का भी सहयोग लेकर लगातार हाथियों का निगरानी किया जा रहा है एवं परिक्षेत्र अंतर्गत कर्मचारियों/अधिकारियों का हाथी निगरानी के लिये रोस्टर अनुसार रात्रि गश्त हेतु प्रतिदिन ड्यूटी लगाई गई है, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा निरंतर ग्रामीणों से सम्पर्क कर जगह-जगह अलाव जलाकर रखने, हाथी प्रभावित मार्गों में अस्थायी बेरीकेट लगाकर ग्रामीणों को जंगली हाथियों से दूरी बनाकर रहने, सावधानी पूर्वक आवागमन करने,धान खरीदी केन्द्रों के सदस्यों को हाथी संबंधी जानकारी एवं हाथियों से किसी प्रकार से छेड़खानी न करने संबंधी समझाईस दिया गया है।

### सजग सायरन का भी हो रहा उपयोग

वन विभाग के एसडीओ आशीष खेलवार व एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरबा वनमण्डल के करतला परिक्षेत्र के अंतर्गत चिकनीपाली परिसर में 8 हाथी, बेहरचुंवा परिसर में 4 हाथी एवं 1 नर हाथी बड़मार परिसर में विचरण कर रहा है। हाथी विचरण क्षेत्रों में रेंज लेवल अलर्ट एवं बीट लेवल अलर्ट जारी किया गया है। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का टीम बनाकर हाथी विचरण क्षेत्रों के किनारे ग्रामों में जिला प्रशासन के कोटवार, हाथी मित्र दल के द्वारा, पसरखेत परिक्षेत्र के शासकीय वाहन, कोरबा परिक्षेत्र के शासकीय वाहन एवं अन्य प्राईवेट वाहन की व्यवस्था कर लगातार मुनादी कराया जा रहा है, सजग सायरन का उपयोग, हमर हाथी हमर गोठ के तहत सूचना प्रसारित एवं दैनिक समाचार पत्रों में हाथी संबंधी सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग के उपयोग पर निगम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम द्वारा कोरबा बालको रोड व रिसदी रोड स्थित दुकानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते हुए पाए जाने पर संबंधित दुकान संचालकों को 1000 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया, साथ ही निगम अमले द्वारा उन्हें कड़ी हिदायत दी गई कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्रियों का उपयोग न करें अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्री के उपयोग को रोकने के लिए आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, निगम के संबंधित अधिकारी कर्मचारी दुकानों, प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं तथा निरीक्षण के दौरान यदि प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल आदि का उपयोग विक्रय, भंडारण आदि पाया जाता है तो संबंधित दुकान संचालकों पर अर्थदण्ड आरोपित करने व प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री की जप्ती की कार्यवाही की जाती है। इस कड़ी में मंगलवार कोरबा बालको रोड व रिसदी रोड स्थित दुकानों में निगम अमले द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान वहां पर स्थित दुकानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते पाया गया, जिस पर कार्यवाही करते हुए इन संबंधित दुकानदारों पर निगम अमले ने 1000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया, उन्हें कड़ी हिदायत दी कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग दुकानों में न करें तथा वैकल्पिक सामग्रियों का उपयोग में लायें।

### न करें प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अपील करते हुए कहा है कि शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल आदि का उपयोग कदापि न करें, प्रतिबंधित प्लास्टिक से बने कैरीबैग डिस्पोजल व अन्य सामग्रियां जहां एक ओर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं, वहीं दूसरी ओर साफ-सफाई व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है, इसके साथ ही प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल जैसी सामग्रियां मवेशियों के लिए भी अत्यंत घातक है। उन्होने कहा कि निगम द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है इसलिए प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करें।

# कोई भी पात्र व्यक्ति पीएम आवास योजना शहरी से न हो वंचित : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक में निर्देश देते कलेक्टर श्री दुदावत।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक में विभागीय कामकाज की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएमओ, राज्यपाल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, जनशिकायत तथा टीएल में चिन्हांकित प्रकरणों का समय सीमा के भीतर गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने लंबित प्रकरणों में समय पर जांच प्रतिवेदन तैयार कर रिपोर्ट अपलेड करने और संबंधितों को भी सूचित करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने बंद हो चुके विभिन्न योजनाओं के बैंक खातों को बंद करने के निर्देश देते हुए जमा राशि को शासन के खाते में जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा करते हुए निगम आयुक्त, सीएमओ को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से न छूटे, इसके लिए संबंधित क्षेत्र में सर्वे कराकर जानकारी तैयार कर ली जाए और इसका डीपीआर बनाकर विभाग को प्रेषित की जाए। कलेक्टर ने पीएम आवास और पीएम जनमन आवास की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत और जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि अपने स्तर पर कार्यों की समीक्षा कर आवास निर्माण के कार्यों में प्रगति लाए। उन्होंने लंबित कार्यों में प्रगति लाने और प्रति सप्ताह ढाई सौ आवास का निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य निधारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम आवास के नाम पर किसी के द्वारा हितग्राहियों से राशि मांगे जाने पर कठोर कार्यवाही के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना और पीवीटीजी परिवारों के घरों में सोलर पैनल स्थापना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि पीवीटीजी परिवारों के घर में दिए गए लक्ष्य के अनुसार सोलर सिस्टम शीघ्र स्थापित करें। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन के आधार पर इंस्टालेशन के लिए शेष घरों में सोलर सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि अलग-अलग डिवीजन के आधार पर अधिक बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर ली जाए और विद्युत विभाग के सब इंजीनियर के माध्यम से उपभोक्ताओं को पीएम सूर्यघर के फायदे तथा शासन द्वारा दी जा रही छूट से अवगत कराते हुए इच्छुक उपभोक्ताओं के घर पीएम सूर्यघर स्थापना की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने लीड बैंक अधिकारी को पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण आवेदन पर शीघ्रता से कार्यवाही करते हुए लोन स्वीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीवीटीजी परिवारों के बसाहटों और विद्युतविहीन क्षेत्रों में बिजली पहुचाने तथा घरों में मीटर स्थापित करने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने बाल सम्प्रेषण गृह, स्कूल विद्यार्थियों के अपार आईडी, कमजोर विद्यार्थियों का रेमेडियल क्लास, रेडी टू ईट निर्माण हेतु मशीन की स्थापना, नये सत्र से आंगनबाड़ी से स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने की जा रही कार्यवाही, नये छात्रावास, उद्यानिकी विभाग अंतर्गत हाईटेक नर्सरी निर्माण सहित जिले में संचालित महत्वपूर्ण कार्यों आदि की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### खास बात

- पीवीटीजी बसाहटों और विद्युतविहीन क्षेत्रों में शीघ्र बिजली पहुंचाने के निर्देश

### पीएम उज्वला के तहत 25 लाख निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन किए जाएंगे स्वीकृत

**कोरबा।** भारत सरकार ने प्रधान मंत्री उज्वला योजना के तहत 25 लाख अतिरिक्त निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन स्वीकृत किए हैं। इस निर्णय से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती रसोई ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता और सशक्त होती है। तिलक भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान श्रीपाद बक्सी प्रभागीय एलपीजी बिक्री प्रमुख, आईओसीएल ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक की पात्रता, बंचना घोषणा पत्रके आधार पर तय की जाएगी और जिला उज्वला समिति द्वारा सत्यापित की जाएगी। केवायसी फॉर्म फोटो सहित आवेदन समस्त एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटरशिप पर उपलब्ध है। निवास प्रमाण यदि आधार का निवास स्थान वर्तमान पते से अलग हो। परिवार संरचना दस्तावेज़ राशन कार्ड राज्य शासन दारा जारी प्रमाण पत्र दस्तावेज, आवेदक तथा परिवार के सभी वयस्क सदस्यों का आधार, बैंक खाता का विवरण, दस्तावेज़ हेतुस्व-घोषणा पत्रस्वीकार किया जाएगा।

# डीपीएस एनटीपीसी में मनाया गया वार्षिकोत्सव




सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्र छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दिल्ली पब्लिक स्कूल एनटीपीसी का वार्षिकोत्सव सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि बिभास घटक परियोजना प्रमुख एनटीपीसी थे। समारोह में विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुभ्रा घटक, अध्यक्षा मैत्री महिला समिति एनटीपीसी एवं सिद्धार्थ तिवारी पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति रही। कुमार निशांत डी.एफ.ओ. कटघोरा, ओंकार यादव एडीएम कटघोरा, एनटीपीसी एवं सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारीगण, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे।

संस्था के प्राचार्य सतीश शर्मा ने इस सत्र में विभिन्न शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं खेल-कूद आदि गतिविधियों में विद्यार्थियों को लगभग 1800 पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के कर-कमलों से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद डीपीएस गान एवं स्वागत नृत्य ने सबका मन मोह लिया। भारत की विविधता पूर्ण सांस्कृतिक धरोहर को अभिव्यक्ति के माध्यम से 500 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया। प्रैप कक्षाओं के लगभग 110 नन्हें बाल कलाकारों की प्रकृति की अभिव्यक्ति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पहली एवं दूसरी कक्षाओं के बाल कलाकारों ने राजस्थानी नृत्य की रंगमय प्रस्तुति दी। कक्षा तीसरी से पाँचवीं के विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी लोक नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा छठवीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों ने उपशास्त्रीय नृत्यों से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की प्रधानपाठिका श्रीमती सिंधु खंडेलवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## जश्न रिसोर्ट में 27 एवं 28 दिसंबर को आयोजित होगा कार्यक्रम

# मंगलपाठ और भजनोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




पत्रकारवार्ता के दौरान नमो नारायणी समिति के पदाधिकारी।

नमो नारायणी समिति कोरबा के तत्वावधान में 27 एवं 28 दिसंबर को 39वां अंतरराष्ट्रीय मंगलपाठ और भजनोत्सव का आयोजन जश्न रिसोर्ट राताखार में आयोजित किया जा रहा है, जिससे भारत के विभिन्न राज्यों से आएं दादी भक्तों का भी सानिध्य प्राप्त होगा। तिलक भवन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान आशीष मोदी, प्रकाश अग्रवाल, अरुण बजाज, प्रकाश अग्रवाल (नीटू), कृष्ण गोपाल मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि नमो नारायणी समिति के तत्वाधान में उक्त कार्यक्रम के तहत 27 दिसंबर की सुबह 9 बजे श्री पंचदेव मंदिर पुराना बस स्टैंड कोरबा से शोभा यात्रा एवं पालकी यात्रा का आयोजन किया गया है, जिसमें 651 मनोकामना निशान एवं 151 कलश के साथ उक्त शोभा यात्रा पुराना बस स्टैंड, पावर हाउस रोड, सुनालिया ज्वेलर्स होते हुए जश्न रिसोर्ट पहुंचेगी। तत्पश्चात शाम 4 बजे से तेजस राणा, मनोज शर्मा, प्रियंका गुप्ता, अपर्णा अग्रवाल के सुमधुर स्वरों के साथ दादी के गुणगानों की भजनसंध्या का आयोजन किया गया है। 28 दिसंबर रविवार को 3100 दादी भक्त महिलाओं, पुरषों बच्चों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय भजन गायक एवं मंगल पाठ वाचक केशव-सौरभ मधुकर के साथ संगीत मय मंगलपाठ का वाचन किया जावेगा मंगल पाठ के दौरान भक्तों द्वारा सवमणी एवं 56 भोग अर्पित किया जाएगा। मंगल पाठ के साथ साथ विभिन्न आकर्षक झांकी, चुनरी समर्पण तथा 12 महिनों के त्योहार का प्रतिकात्मक रूप से प्रस्तुति दी जावेगी।मंगलपाठ के लिए 501 रूपये, दादी का खजाना 101 रूपये, सवामणी 5100 रूपये एवं छप्पन भोग हेतु 7100 रूपये रूप का प्रतिकात्मक सहयोग राशि रखी गई है। उक्त 39वां अंतरराष्ट्रीय मंगलपाठ और भजनोत्सव कार्यक्रम में कलकत्ता, दिल्ली, राउरकेला, झारसुगुड़ा, रायगढ़ रायपुर, अम्बिकापुर, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, भाटापारा, खरसिया, नैला अकलतरा मनेन्द्रगढ़ जगहों से दादी भक्तों की उपस्थिति सुनिश्चित हो चुकी है। सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान बहार से आने वाले दादी भक्तों के रहने एवं भोजन की व्यवस्था नमो नारायणी समिति द्वारा रखी गई है

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780